मुख्य परीक्षा

प्रश्न- "हाल ही में बढ़ती 'भीड़ हिंसा' भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक कठोर चुनौती बनकर उभरी है।" टिप्पणी कीजिए।

(250 शब्द)

Recently increasing 'Mob Lynching' has emerged as a strong challenge for the internal security of India. Comment. (250 Words)

मॉडल उत्तर

- भूमिका में पहले भीड़ हिंसा (Mob Lynching) को बताएं।
- अगले पैरा में इसके बढ़ने के कारणों को बताएं।
- फिर अगले पैरा में अपने सुझाव दें।
- अंत में संक्षिप्त निष्कर्ष दें।

जब अनियंत्रित भीड़ द्वारा किसी दोषी को उसके किए अपराध के लिए या कभी-कभी अफवाहों के आधार पर बिना अपराध किये भी उसी समय सजा दी जाए अथवा पीट-पीट कर मार डाला जाए तो इसे भीड़ द्वारा की गई हिंसा (Mob Lynching) कहते हैं। जैसे- महिला को डायन समझकर मारना, चोर समझकर पीटकर हत्या करना, गौ तस्करों की आशंका के आधार पर पीट-पीट कर हत्या करना।

भीड़-हिंसा बढ़ने के कारणः-

- समाज में व्याप्त संकीर्ण और कुरीतियों पर आधारित चिंतन।
- धर्म की संकीर्ण व्याख्या करना और हिंसा को प्रोत्साहन देना।
- कानून व्यवस्था की कमजोर स्थिति।
- समाज के कुछ स्वार्थी घटकों द्वारा विभिन्न विचारों पर आधारित उन्माद को प्रोत्साहित करना जिससे भीड़ हत्या की प्रेरणा मिलती है।
- अपराध संहिता में भीड़-हिंसा के लिए कोई प्रावधान न होना।

सुझावः-

- मूल्यों से समूह शिक्षण व्यवस्था प्रारंभ की जाए।
- प्रत्येक नागरिक को सभ्य नागरिक के रूप में शिक्षित व प्रशिक्षित करने की आवश्यकता हो, इसके लिए सिविल सोसाइटी को प्रोत्साहित किया जाए।
- उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार भीड़ हत्या के लिए कठोर कानून निर्मित किए जाएं, जिसमें दण्ड का प्रावधान हो।
- संविधान में वर्णित मूलकर्त्तव्यों की धारणा के अनुरूप प्रगतिशील उदारवादी और मानवीय मूल्यों का पोषण व प्रोत्साहन किया जाए।
- कानून व्यवस्था की प्रवर्तन एजेंसियों अर्थात् पुलिस आदि में पर्याप्त सुधार किए जाए और इनके प्रति लोगों के विकास में वृद्धि की जाए।

अंत में संक्षिप्त एवं सारगर्भित निष्कर्ष दें।